✗ $\frac{7}{4} \times 20 = 35$

(+23)

$\frac{23}{12} \times 100 = +191\frac{2}{3}\%$

15. एक छात्र ने एक संख्या को $\frac{5}{3}$ के बजाय $\frac{3}{5}$ से गुणा कर दिया। उसके उत्तर में गलती % ज्ञात करो।

✓ $\frac{5}{3} \times 15 = 25$

✗ $\frac{3}{5} \times 15 = 9$

(−16)

$\frac{16}{25} \times 100 = -64\%$

16. एक छात्र किसी संख्या को $\frac{4}{3}$ के बजाय $\frac{3}{4}$ से गुणा कर देता है। उत्तर में गलती % ज्ञात करो।

✓ $\frac{4}{3} \times 12 = 16$

✗ $\frac{3}{4} \times 12 = 9$

(−7)

$\frac{7}{16} \times 100 = 43\frac{3}{4}\%$

17. अगर इनकम टैक्स 19% बढ़ जाए और कुल इनकम 6% घट जाए तो इनकम टैक्स की दर ज्ञात करो।

इनकम	टैक्स	शुद्ध इनकम
25	6	19

टैक्स $\propto \frac{1}{\text{शुद्ध इनकम}}$

टैक्स $\times \frac{19}{100}$ = शुद्ध इनकम $\times \frac{6}{100}$

$$\frac{\text{टैक्स}}{\text{शुद्ध इनकम}} = \frac{6}{19}$$

∴ इनकम = 6+19 = 25

इनकम टैक्स की दर = $\frac{6}{25} \times 100$

= 24%

---

[18] अगर इनकम टैक्स 17% बढ़ जाए तो शुद्ध इनकम 3% कम हो जाती है। इनकम टैक्स की दर ज्ञात करो।

Tax × $\frac{17}{100}$ = net income × $\frac{3}{100}$

$$\frac{\text{टैक्स}}{\text{शुद्ध इनकम}} = \frac{3}{17}$$

इनकम	टैक्स	शुद्ध इनकम
20	3	17

इनकम टैक्स की दर = $\frac{3}{20} \times 100$

= 15%

---

[19] एक ट्रेन में उतने डिब्बे हैं जितने की एक डिब्बे में सीट हैं। एक डिब्बा 25 यात्रियों से भरा हुआ है और अपनी क्षमता का $71\frac{3}{7}$% भरा हुआ है। ज्ञात करो कि ट्रेन कितने यात्रियों को ले जाएगी अगर 20% सीटें हमेशा खाली रहती हैं।

सीट × $71\frac{3}{7}$% = 25

S × $\frac{5}{7}$ = 25 (5)

सीट = 35

∴ डिब्बे = 35

कुल सीट = 1225

कुल यात्री ले जाएगी = $1225 \times \frac{80}{100}$

= 980 Ans.



---

[20] एक आदमी 10 मिनट में 20 लाइन टाइप कर सकता है और प्रत्येक लाइन में 8% जगह खाली छोड़ देता है। कितने समय में वह 40 लाइन के 23 पेज टाइप करेगा अगर इस बार पहले से 25% जगह खाली छोड़े?

1 मिनट → 2 लाइन

8% खाली ⇒ 92% टाइप

क्षमता (1 मिनट) = 2×92%

अब खाली छोड़ेगा = $8 \times \frac{25}{100}$ = +2

8+2 = 10%

∴ $\frac{40 \times 23 \times 90\%}{2 \times 92\%}$ = 450 मिनट Ans

---

[21] अगर x, y से 25% ज्यादा कमाता है तो y, x से कितना % कम कमाता

x   y

5 — 4 (−1)

$\frac{1}{5} \times 100$ = 20% Ans

---

[22] अगर किशन की आय राधा से $16\frac{2}{3}$% कम है तो राधा की आय किशन से कितने प्रतिशत ज्यादा है।

$16\frac{2}{3}$% = $\frac{1}{6}$

किशन   राधा

5 — 6 (1)

$\frac{1}{5} \times 100$ = 20% Ans

---

[23] P, Q से 6 गुना है। तो Q, P से कितने % कम है।

P   Q

6 — 1 (−5)

$\frac{5}{6} \times 100$

= $83\frac{1}{3}$%

२४ किसी स्कूल में 60% छात्र लड़के हैं और लड़कियों की संख्या 972 है स्कूल में लड़कों की संख्या बताओ।

$60\% = \frac{3}{5}$ — 3 लड़के, 5 कुल छात्र

लड़की = 5 − 3 = 2

2 यूनिट —— 972

1 यूनिट —— 486

लड़के = 3 यूनिट = 3×486 = 1458.

२५ एक छात्र 25% अंक लाकर 210 अंकों से फेल हो जाता है लेकिन अगर 55% अंक लाए तो 240 अंक ज्यादा आते हैं। पास % ज्ञात करो।

कुल अंक = x

$25\% \cdot x + 210 = 55\% \cdot x - 240$

$x = 1500$

पास = $\frac{25}{100} \times 1500 + 210 = 585$

पास % = $\frac{585}{1500} \times 100 = 39\%$

OR

25% → −210

55% → +240

30% → 450

1% → 15

100% → 1500

$\frac{210}{15} = -14\%$

पास % = 25% + 14% = 39%.

२६ एक छात्र 36% अंक प्राप्त करके 32 अंको से फेल हो जाता है और जब 48% अंक प्राप्त करता है तो 64 अंक ज्यादा आते हैं। पास % ज्ञात करो।

36% → −32

48% → +64

12% → 96

1% → 8

$\frac{32}{8} = -4\%$

पास % = 36 + 4 = 40%

२७ एक छात्र 40% अंक प्राप्त करके 50 अंकों से फेल हो जाता है और जब वह 50% अंक प्राप्त करता है तो 40 अंक ज्यादा लाता है। पास % बताओ।

40% → −50

50% → +40

10% → 90

1% → 9

$\frac{50}{9} = 5\frac{5}{9}\%$

पास % = $40 + 5\frac{5}{9} = 45\frac{5}{9}\%$.

२८ जब एक छात्र 30% अंक प्राप्त करता है तो वह 5 अंको से फेल हो जाता है। जबकि जब वह 40% अंक प्राप्त करता है तो पास अंकों से 10 अंक ज्यादा प्राप्त करता है।

i) कुल अंक बताओ

ii) पास % ज्ञात करो

30% → −5

40% → +10


10% → 15

1% → 1.5

कुल अंक = 1.5×100 = 150

पास % = $30 + 3\frac{1}{3} = 33\frac{1}{3}\%$

29 एक कमरे में दो तरह के जानवर हैं, कुछ बिल्ली और कुछ कुत्ते हैं। प्रत्येक बिल्ली 7 बिस्किट जबकि प्रत्येक कुत्ता 9 बिस्किट खाता है। 45 जानवरों द्वारा कुल 345 बिस्किट खाए गए। कुत्ते और बिल्लियों की संख्या ज्ञात करो।




$45 \times 7 = 315$ बिस्किट

$355 - 315 = 40$ → ये 40 बिस्किट 2 कुत्तों ने खाए

$\frac{40}{2} = 20$ कुत्ते

$45 - 20 = 25$ बिल्ली

30 एक चिड़ियाघर में कुछ चूहे और कबूतर हैं। अगर सिर गिने जाएं तो 280 हैं और पैर गिने जाए तो 820 हैं। कबूतरों की संख्या ज्ञात करो।




$280 \times 2 = 560$ पैर

$820 - 560 = 260$ → ये 260 पैर चूहों के हैं।

$\frac{260}{2} = 130$ चूहे

कबूतर $= 280 - 130 = 150$ Ans

31 किसी शहर की जनसंख्या 6000 है अगर पुरुष 5% की दर से बढ़े और महिलाएं 9% की दर से बढ़े तो 1 साल बाद जनसंख्या 6500 हो जाती है। पुरुषों और महिलाओं की संख्या ज्ञात करो।





$\frac{5}{100} \times 6000 = 300$


$500 - 300 = 200$ → ये 4% महिलाओं की बढ़ोतरी बची हुई है।

महिलाएं $\times \frac{4}{100} = 200$

महिलाएं $= 5000$

पुरुष $= 1000$

32 एक गांव की जनसंख्या 9600 है। पुरुष 8% की दर से तथा महिलाएं 5% की दर से बढ़े तो 1 वर्ष बाद जनसंख्या 10,272 हो जाती है। पुरुषों की संख्या ज्ञात करो।



$9600 \times \frac{5}{100} = 480$

3% → 192

1% → 64

100% → 6400

पुरुष $= 6400$

महिला $= 3200$ Ans

CLASS 15

33 एक परिवार प्रति महिने 25 Kg चावल और 9 Kg गेंहू खपत करता है और इन सब पर 350 रु० खर्च करता है। चावल की कीमत गेंहू की कीमत का 20% है। अगर गेंहू की कीमत 20% बढ़ जाए तो चावल की खपत में प्रतिशत कमी ज्ञात करो अगर चावल की कीमत स्थिर रहे और खर्च 350 ही रखना है।

25 Kg	9 Kg
चावल	गेंहू
1x	5x

$20\% = \frac{1}{5}$

$25x + 45x = 350$

$x = 5$



गेंहू = 25 रु०/Kg

चावल = 5 रु०/Kg.

	चावल	गेंहू
वास्तविक मूल्य	5 रु०/Kg	25 रु०/Kg
	↓	↓ 20% बढ़ा
नयी कीमत	5 रु०/Kg	30 रु०/Kg

$30 \times 9 = 270$ Rs.

$350 - 270 = 80$ रु० चावल के लिए


$\frac{80}{5} = 16$ Kg चावल

चावल में खपत में कमी =

$25 - 16 = 9$ Kg

$= \frac{9}{25} \times 100 = 36\%$ Ans

34 एक चुनाव में 2 उम्मीदवारों ने भाग लिया। 20% वोट अवैध घोषित हो गए और जीतने वाला 70% वैध मतों का प्राप्त करता है और 9600 मतों से जीतता है कुल मतों की संख्या और वैध मतों की संख्या ज्ञात करो।



∴ कुल मत = $100 \times 300 = 30000$

वैध मत = $80 \times 300 = 24000$

OR

x = कुल मत

$20\% = \frac{1}{5}$ — अवैध / कुल

वैध = $\frac{4}{5}$

40% से जीता = $\frac{2}{5}$

वैध मतों का $\frac{2}{5} = 9600$


$\therefore x \times \frac{4}{5} \times \frac{2}{5} = 9600$

$x = 30,000$

वैध = $30,000 \times \frac{4}{5}$

$= 24,000$ Ans

35 एक चुनाव में दो उम्मीदवारों ने भाग लिया। 20% लोगो ने मत नहीं दिया। $12\frac{1}{2}$% मत अवैध निकले और जीतने वाले को वैध मतों का 60% प्राप्त हुआ और 5600 मतों से विजयी हुआ। कुल मतों की संख्या ज्ञात करो।



कुल मत = $100 \times 400 = 40000$

OR

$x \times \frac{4}{5} \times \frac{7}{8} \times \frac{1}{5} = 5600$


$x = 40,000$

36 एक चुनाव में 10% लोगों ने मतदान नहीं किया और $11\frac{1}{9}$% मत अवैध घोषित हो गए और जीतने वाले को वैध मतों का 75% प्राप्त हुआ अगर वह 2000 मतों से विजयी हुआ हो तो कुल मतों की संख्या ज्ञात करो।

$x \times \frac{9}{10} \times \frac{8}{9} \times \frac{1}{2} = 2000$

$x = 5000$ Ans

37 एक चुनाव में दो उम्मीदवारो ने भाग लिया। 10% लोगो ने वोट नहीं किया और 10% मत अवैध घोषित हो गए। जीतने वाले को वैध मतों का 70% प्राप्त हुआ और 7290 मतों से जीता। कुल मतों की संख्या ज्ञात करो।



$81 \times \frac{2}{5}$ यूनिट $\longrightarrow 7290$

1 यूनिट $\longrightarrow \frac{7290 \times 5}{81 \times 2} = 225$

कुल मत = $225 \times 100 = 22500$

OR

$x \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10} \times \frac{2}{5} = 7290$

$x = 22500$ Ans

38 एक चुनाव में दो उम्मीदवारों ने भाग लिया। 20% लोगों ने मतदान नहीं किया, 600 मत अवैध घोषित हो गए और जीतने वाले को वैध मतों का 75% मिला। अगर वह 1500 मतों से जीता हो तो कुल मतों की संख्या ज्ञात करो।

$\underbrace{\left(x \times \frac{4}{5} - 600\right)}_{\text{वैध मत}} \times \frac{1}{2} = 1500$

वैध्य मत = $1500 \times 2 = 3000$

मतदान $(x \times \frac{4}{5}) = 3000 + 600 = 3600$

मतदाता सूची $(x) = 3600 \times \frac{5}{4} = 4500$

39| एक चुनाव में दो उम्मीदवारों ने भाग लिया । 10% लोगों ने मतदान नहीं किया, 2500 मत अवैध्य घोषित हो गए और जीतने वाले को वैध्य मतों का 55% मिला, वह 2000 मतों से जीता । मतदाता सूची ज्ञात करो ।

$\left(x \times \frac{9}{10} - 2500\right) \times \frac{1}{10} = 2000$

$x = 22500 \times \frac{10}{9} = 25000$

40| एक सेल्समैन को कुल बिक्री का 12% कमीशन मिलता है और 15000 रु० से ऊपर की बिक्री पर 1% बोनस भी मिलता है । अगर सेल्समैन की कुल आमदनी 7650 रु० हो तो कुल बिक्री ज्ञात करो ।

कुल बिक्री = x

कमीशन = $x \times \frac{12}{100}$

बोनस = $(x - 15000) \times \frac{1}{100}$

$\frac{12x}{100} + (x - 15000) \times \frac{1}{100} = 7650$

$\frac{12x}{100} + \frac{x}{100} - 150 = 7650$

$\frac{13x}{100} = 7800$

$x = 60,000$

कुल बिक्री = 60,000 रु०

OR

15000	15000+
↓	↓
12%	13%

अगर सारी बिक्री पर 13% कमीशन हो तो सेल्समैन को 15000 पर 1% का अतिरिक्त फायदा होगा ।

$15000 \times \frac{1}{100} = 150$ रु०

अब उसकी आमदनी = $7650 + 150 = 7800$ रु०

कुल बिक्री का 13% = 7800

कुल बिक्री $\times \frac{13}{100} = 7800$ (600)

कुल बिक्री = 60,000

41| एक सेल्समैन को कुल बिक्री का 9% कमीशन मिलता है और 20,000 से ज्यादा की बिक्री पर 1% बोनस मिलता है । अगर उसकी कुल आय 6800 रु० हो तो कुल बिक्री ज्ञात करो ।

20000	20,000+
↓	↓
9%	10%

$20,000 \times \frac{1}{100} = 200$ रु०

अब उसकी आय = $200 + 6800 = 7000$

कुल बिक्री $\times \frac{10}{100} = 7000$

कुल बिक्री = 70000 रु०

42| एक सेल्समैन को कुल बिक्री का $5\frac{1}{2}$% कमीशन मिलता है और 10,000 से ऊपर की बिक्री पर $\frac{1}{2}$% बोनस मिलता है । अगर उसकी कुल आय 1990 रु० है तो कुल बिक्री ज्ञात करो ।

10,000	10,000+
$5\frac{1}{2}\%$	6%



$10,000 \times \frac{1}{200} = 50$ रु०


अब उसकी आय = 1990+50 = 2040

कुल बिक्री $\times \frac{6}{100} =$ ~~2040~~ 340

कुल बिक्री = 34000 रु०.

---


43 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई। खपत में कितने % की कमी की जाए ताकि खर्च समान रहे।



$20\% = \frac{+1}{5}$

$\frac{1}{6} \times 100 = 16\frac{2}{3}\%$ की कमी

OR




$\frac{-20}{120} \times 100 = 16\frac{2}{3}\%$

समान रखने के लिए 20 की कमी करनी पड़ेगी। जितना खर्चा कम करेंगे खपत भी उतनी ही कम होगी।

---


44 चीनी की कीमत में 30% की कमी आ गई। खपत में कितने % की वृद्धि करनी पड़ेगी ताकि खर्च समान रहे.



$\frac{30}{70} \times 100 = 42\frac{6}{7}\%$ बढ़ानी पड़ेगी

---


45 चीनी की कीमत 30% घट गई खर्च में कितने % की वृद्धि की जाए कि खर्च में केवल 10% की कमी आए।



$\frac{20}{70} \times 100 = 28\frac{4}{7}\%$ बढ़ानी पड़ेगी.

---

46 चीनी की कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। खपत में कितने कि०ग्रा० की कमी की जाए की खर्च केवल 5% ही बढ़े जबकि प्रारंभ में वह 280 कि०ग्रा० खपत करता हो.



$\frac{15}{120} \times 100$

$= 12\frac{1}{2}\%$


$\Rightarrow -\frac{1}{8}$ — 1 कमी, 8 वास्तविक खपत

8 यूनिट —— 280


1 यूनिट —— $\frac{280}{8} = 35$

खपत में कमी = 35 कि०ग्रा०.

47 कीमत में 30% की वृद्धि की वजह से एक परिवार 40 किलो कम चीनी प्रयोग करता है ताकि खर्च केवल 10% ही बढ़े। वास्तविक खपत ज्ञात करो।







$\frac{-20}{130} = \frac{-2}{13}$ — -2: कमी, 13: वास्तविक खपत

2 युनिट —— 40

1 युनिट —— 20

वास्तविक खपत = 13×20 = 260 किलो

i) वास्तविक खपत

ii) ताजा खपत

iii) वास्तविक मूल्य

iv) ताजा मूल्य

(100) → (120) −20

$\frac{-20}{120} = \frac{-1}{6}$ — -1: कमी, 6: वास्तविक खपत

1 युनिट —— 12.


वास्तविक खपत = 6×12 = 72 कि०ग्रा०

वास्तविक मूल्य = $\frac{300}{72} = 4\frac{1}{6}$ रु०/किलो

ताजा खपत = 5×12 = 60 किलो

ताजा मूल्य = $\frac{300}{60}$ = 5 रु०/किलो

48 चीनी की कीमतों में 30% कमी की वजह से एक परिवार 32 किलो चीनी अधिक खरीदता है ताकि खर्च केवल 16% ही कम हो। ताजा खपत ज्ञात करो।




$\frac{+14}{70} = \frac{+1}{5}$ — $+1$: बढ़ोतरी, 5: वास्तविक खपत

1 युनिट ⟶ 32

5 युनिट ⟶ 32×5 = 160

ताजा खपत = 160+32 = 192 किलो

50 चावल की कीमत में 10% कमी की वजह से एक परिवार 1 रु० में 50 ग्रा० ज्यादा चावल खरीदता है प्रारंभिक खपत ज्ञात करो।



$\frac{10}{90} = \frac{+1}{9}$ — $+1$: बढ़ोतरी, 9: प्रारंभिक खपत

1 युनिट ⟶ 50 gm.

प्रारंभिक खपत = 9×50 = 450 ग्रा०.

CLASS 16 By Pardeep Chhoker 7206446517

49 चीनी की कीमतों में 20% वृद्धि की वजह से एक परिवार 12 किलो कम चीनी खरीदता है (300 रु० में) ज्ञात करो →


51 एक चुनाव में 2 उम्मीदवारों ने भाग लिया। 10% ने मतदान नहीं किया। 300 मत अवैध घोषित हो गए और जीतने वाले को मतदाता सूची का 60% मिले और 900 मतों

से चुनाव जीत गया । वैध मतों की संख्या ज्ञात करो ।

$100x$ — मतदाता सूची

$90x$ — मतदान

$(90x-300)$ — वैध



$60x$ $(30x-300)$

$60x-(30x-300) = 900$

$30x+300 = 900$

$\boxed{x=20}$

मतदाता सूची $= 20\times100 = 2000$

मतदान $= 20\times90 = 1800$

वैध मत $= 1800-300 = 1500$.


OR

logical नहीं है सिर्फ Ans निकालने के लिए है।

100 — मतदाता सूची

90 — मतदान

90 — वैध (मान लो)



$30 \longrightarrow 900-300 = 600$

1 युनिट $\longrightarrow 20$


वैध $= 90\times20 = 1800-300 = 1500$.

52 एक चुनाव में 2 उम्मीदवारों ने भाग लिया । 20% लोगों ने वोट नहीं दिया & 120 मत अवैध घोषित हो गए । जीतने वाले को मतदाता सूची का 41% मत प्राप्त हुए और वह 200 मतों से जीता । मतदाता सूची ज्ञात करें

100 — मतदाता सूची

80 — मतदान

80 — वैध (मान लो)



$2 \longrightarrow 200-120 = 80$

$1 \longrightarrow 40$

मतदाता सूची $= 100\times40 = 4000$.

53 एक कम्पनी अपने सेल्समैन को कुल बिक्री का 9% कमीशन देती है और 20,000 से ऊपर बिक्री पर 1% का बोनस देती है । अगर सेल्समैन अपना कमीशन काटने के बाद कम्पनी में 63200 रु० जमा करवाता है तो सेल्समैन द्वारा की गई कुल बिक्री ज्ञात करो ।

कुल बिक्री $= x$

कमीशन $= x\times\frac{9}{100}$

बोनस $= (x-20,000)\times\frac{1}{100}$

आय $= \frac{9x}{100} + (x-20,000)\times\frac{1}{100}$

$\frac{9x}{100} + \frac{x}{100} - 200 = \frac{x}{10} - 200$

कुल बिक्री − आय $= 63200$

$x - (\frac{x}{10} - 200) = 63200$

$x = 70,000$ Ans

OR

20,000	20,000+
9%	10%

अगर कम्पनी सारी बिक्री पर 10% का कमीशन दे तो कम्पनी को 20,000 पर 1% का नुकसान होगा

$20,000 \times \frac{1}{100} = 200$ रु०

तो अब कम्पनी को मिलेंगे =

63200 − 200 = 63000

10% = $\frac{1}{10}$ — आय (कमीशन) / कुल बिक्री

जमा कराएगा = 10−1 = 9

9 युनिट —— 63000

1 युनिट —— 7000

कुल बिक्री = 10 × 7000 = 70,000

---

54 एक कम्पनी अपने सेल्समैन को कुल बिक्री का 12% कमीशन देती है और 15000 से ऊपर की बिक्री पर 1% बोनस देती है। अगर सेल्समैन ने अपना कमीशन काटने के बाद कम्पनी में 52350 रु० जमा करवाए हो तो कुल बिक्री ज्ञात करो।

$15000 \times \frac{1}{100} = 150$ रु०

52350 − 150 = 52200 रु०

$\frac{13}{100}$ — कमीशन / कुल बिक्री

जमा कराएगा = 100−13 = 87

87 युनिट —— 52200

1 युनिट —— 600

100 युनिट —— 60000

∴ कुल बिक्री = 60000 रु०

---

55 एक कम्पनी 10,000 तक की बिक्री पर अपने सेल्समैन को 5% कमीशन देती है और 10,000 से ऊपर 4% कमीशन देती है। अगर सेल्समैन अपना कमीशन काटने के बाद कम्पनी में 31100 रु० जमा करवाता है तो कुल बिक्री ज्ञात करो

अगर कम्पनी सारी बिक्री पर 4% कमीशन दे तो कम्पनी को 10,000 पर 1% का फायदा होगा।

$10000 \times \frac{1}{100} = 100$ रु०

∴ 31100 + 100 = 31200

4% = $\frac{4}{100} = \frac{1}{25}$ — कमीशन / कुल बिक्री


∴ 24 युनिट —— 31200

1 युनिट —— 1300

कुल बिक्री = 1300 × 25 = 32500 रु०

---

56 A, B, C, D ने 56 लाख में एक फ्लैट खरीदा। B+C+D का हिस्सा A का 460% है, A+C+D का हिस्सा B का $366\frac{2}{3}$% है, C का हिस्सा A+B+D का 40% है। D का हिस्सा ज्ञात करो।



$460\% = \frac{23}{5}$

B+C+D : A

23 : 5


28 युनिट ——— 56

1 युनिट ——— 2

$A = 5 \times 2 = 10$

A = 10 लाख





$366\frac{2}{3}\% = \frac{11}{3}$


A+C+D : B

11 : 3

14 ⟶ 56

1 ⟶ 4

$B = 4 \times 3 = 12$ ∴ **B = 12 लाख**



$40\% = \frac{2}{5}$

A+B+D : C

5 : 2

7 युनिट ——— 56


1 युनिट ——— 8

$C = 8 \times 2 = 16$ लाख

$D = 56 - 10 - 12 - 16 = 18$ लाख Ans

---

57 चीनी की कीमतों में 20% कमी की वजह से एक परिवार 400 रू० में 20 किलो चीनी अधिक खरीदता है। प्रारंभिक खपत, ताजा खपत, प्रारंभिक मूल्य और ताजा मूल्य ज्ञात करो।



$\frac{20}{80} = \frac{+1}{4}$

1 युनिट —— 20 kg

प्रारंभिक खपत $= 20 \times 4 = 80$ कि०लो

प्रारंभिक मूल्य $= \frac{400}{80} = 5$ रू०/किलो

ताजा खपत $= 5 \times 20 = 100$ किलो

ताजा मूल्य $= \frac{400}{100} = 4$ रू०/किलो

---

58 चीनी की कीमत में 2 रू० प्रति किलो की कमी की वजह से एक आदमी 16 रू० में 4 किलो चीनी अधिक खरीदता है। प्रारंभिक मूल्य ज्ञात करो।

A) 3 रू०/किलो B) 5 रू०/किलो

C) 4 रू०/किलो D) 6 रू०/किलो

प्रारंभिक मूल्य = x रू०/किलो

ताजा मूल्य = $(x-2)$ रू०/किलो

$$\frac{16}{x-2} - \frac{16}{x} = 4$$

option से

$x = 4$ रू०/किलो

---

59 अण्डे की कीमतों में 50 पैसे/दर्जन की कमी की वजह से एक आदमी 66 रू० में 1 दर्जन अण्डे ज्यादा खरीदता है। वास्तविक मूल्य ज्ञात करो।

A) 5 Rs/दर्जन B) 6 रू०/दर्जन

C) 7 रू०/दर्जन D) 8 रू०/दर्जन

वास्तविक मूल्य = x रू०/दर्जन

ताजा मूल्य = $(x - 0.5)$ रू०/दर्जन

$$\frac{66}{x-0.5} - \frac{66}{x} = 1$$

option से
6 रू० / दर्जन



By Pardeep Chhoker
7206446517

[60] एक आदमी अपनी आय का 60% खर्च करता है। अगर उसकी आय 15% बढ़ जाए और उसका खर्च 15% बढ़ जाए तो उसकी बचत में कितने % बदलाव आएगा।

आय	खर्च	बचत
500	300	200
+75	+45	+30
575	345	230

75-45 = 30.

$60\% = \frac{3}{5}$ (3 — खर्च, 5 — आय)

बचत = 2

$\frac{30}{200} \times 100 = 15\%$ बढ़ेगी

[61] एक आदमी अपनी आय का 75% खर्च करता है। अगर उसकी आय 20% बढ़ जाए और खर्च 10% बढ़ जाए तो बचत पर क्या फर्क पड़ेगा।

आय	खर्च	बचत
400	300	100
+80	+30	+50
		150

80-30 = 50

$75\% = \frac{3}{4}$ (3 — खर्च, 4 — आय)

बचत = 1

$\frac{50}{100} \times 100 = 50\%$ बढ़ेगी

[62] एक आदमी 8550 की अपनी आय में से 5700 रू० खर्च करता है अगर उसकी आय और खर्च क्रमशः 19% और 13% बढ़ जाए तो बचत पर कितने % बदलाव होगा.

आय	खर्च	बचत
300	200	100
+57	+26	+31
		131

57-26 = 31.

~~8550~~ : ~~5700~~
3 : 2

$\frac{31}{100} \times 100 = 31\%$ बढ़ेगी

CLASS 17

[63] किसी शहर की जनसंख्या पहले वर्ष $16\frac{2}{3}\%$ बढ़ती है, दूसरे वर्ष $37\frac{1}{2}\%$ घटती है, तीसरे वर्ष $57\frac{1}{7}\%$ बढ़ती है तो वर्तमान जनसंख्या ज्ञात करो अगर तीन वर्ष बाद जनसंख्या 165000 होगी

(+)	(−)	(+)
$16\frac{2}{3}\%$	$37\frac{1}{2}\%$	$57\frac{1}{7}\%$
$+\frac{1}{6}$	$-\frac{3}{8}$	$+\frac{4}{7}$

$x \times \frac{7}{6} \times \frac{5}{8} \times \frac{11}{7} = 165000$

$x = 144000$ Ans.

OR

6	7
8	5
7	11
48	55

$55 \longrightarrow 165000$

$1 \longrightarrow 3000$

$48 \rightarrow 48 \times 3000 = 144000$ Ans

---

64 एक आदमी अपनी आय का 5% परिवहन पर खर्च करता है। बची हुई आय का 20% खाने पर खर्च करता है और फिर 120 रु० दान देता है। इन सबके बाद उसके पास 1400 रु० बचते हैं। उसकी आय ज्ञात करो।

$5\% = \frac{-1}{20}$ $\quad 20\% = \frac{-1}{5}$

$x \times \frac{19}{20} \times \frac{4}{5} - 120 = 1400$

$x \times \frac{19}{25} = 1520$ (80)

$x = 2000$ Rs.

OR

20	19
5	4
100	76

$76 \xrightarrow{\times 20} 1520$

$100 \downarrow \times 20$

2000 रु० Ans

---

65 एक ठेकेदार के पास किसी निश्चित लम्बाई की तार है। 10% तार चोरी हो गई और बची हुई में से 70% बेच दी गई और 810 मीटर तार अभी भी बची हुई है। शुरुआत में तार की लम्बाई कितनी थी।

$x \times \frac{9}{10} \times \frac{3}{10} = 810$



$x = 3000$ मीटर

---

66 एक पुस्तकालय में 20% किताबे हिन्दी में है, बची हुई में से 50% अंग्रेजी मे है और बची हुई मे से 30% फ्रेंच मे है और बची हुई 6300 किताबे दूसरी भाषाओं मे है। पुस्तकालय मे कुल किताबो की संख्या ज्ञात करो।

हिन्दी	अंग्रेजी	फ्रेंच
20%	50%	30%
$-\frac{1}{5}$	$-\frac{1}{2}$	$\frac{-3}{10}$

$x \times \frac{4}{5} \times \frac{1}{2} \times \frac{7}{10} = 6300$

$x = 22500$ Ans

67. एक निर्माता ने अपने सामान का थोक विक्रेता को 25% लाभ पर बेचा, थोक विक्रेता ने उसे दुकानदार को 20% लाभ पर बेचा और दुकानदार ने उसे ग्राहक को 28% लाभ पर बेचा अगर ग्राहक ने उसे 9600 रु० में खरीदा हो तो निर्माता के लिए उसकी क्या कीमत थी।

निर्माता की कीमत = x

$$x \times \frac{5}{4} \times \frac{6}{5} \times \frac{32}{25} = 9600$$

$x = 5000$ रु०

---


68. A अपनी आय का 50% घर की चीजों पर खर्च करता है। और बची हुई आय में से 50% परिवहन पर, 25% मनोरंजन पर, 10% खेलों पर और इन सबके बाद 900 रु० बचाता है। A की मासिक आय ज्ञात करो।

$50\% = \frac{1}{2}$, $50+25+10 = 85$ $\therefore 100-85 = 15\%$

$$x \times \frac{1}{2} \times \frac{15}{100} = \cancel{900}\ 60$$

$x = 12000$ Ans

(OR)






$50 \times \frac{15}{100} = 900$

1 युनिट — 120

100 — 12000 Ans

---

69. एक आदमी अपनी आय का 20% भोजन पर, 15% बच्चों की शिक्षा पर खर्च करता है। बची हुई आय का 40% मनोरंजन और परिवहन पर, 30% मेडिकल पर खर्च करता है। इन सबके बाद उसके पास 8775 रु० बच जाते हैं। उसकी मासिक आय ज्ञात करो।



$65 \times \frac{30}{100} = 8775$

$$1 \text{ युनिट} = \frac{8775 \times 100}{65 \times 30} = 450$$


100 युनिट = 45000 Ans

OR

$$x \times \frac{65}{100} \times \frac{30}{100} = 8775$$

$x = 45000$ Ans


70 60 विद्यार्थियों की एक क्लास में, 30% छात्र केवल अंग्रेजी बोलते हैं, 20% केवल हिन्दी बोलते हैं और बाकी छात्र दोनों भाषाएं बोल सकते हैं। ज्ञात करो कितने छात्र हिन्दी बोल सकते हैं।



हिन्दी = 30 + 12 = 42

---

71 एक परीक्षा में 65% छात्र गणित में पास हुए, 48% छात्र भौतिकी में पास हुए और 30% छात्र दोनों में पास हुए। कितने % विद्यार्थी दोनों में फेल हुए।




पास = 35 + 30 + 18 = 83%

फेल = 100 − 83 = 17%

---

72 एक परीक्षा में 35% छात्र गणित में फेल हुए और 25% छात्र अंग्रेजी में फेल हुए। अगर 10% छात्र दोनों में फेल हुए हो तो कितने % दोनों में पास हुए।




फेल = 25 + 10 + 15 = 50%

पास = 100 − 50 = 50%

---

73 एक गाँव में 60% परिवारों के पास एक गाय है, 30% परिवारों के पास एक भैंस है, 15% परिवारों के पास एक गाय और भैंस दोनों हैं। गाँव में कुल 96 परिवार हैं। कितने परिवारों के पास एक भी गाय या भैंस नहीं है।



एक गाय / एक भैंस / या दोनों = 45 + 15 + 15
= 75%

जिनके पास कुछ नहीं है = 25%

$= \frac{25}{100} \times 96 = 24$ परिवार Ans

[74] अगर एक भिन्न का अंश 200% बढ़ा दिया जाए और हर 350% बढ़ा दिया जाए तो $\frac{5}{12}$ प्राप्त होता है। वास्तविक भिन्न ज्ञात करो।

वास्तविक भिन्न = $\frac{x}{y}$

$$\frac{x(100+200)\%}{y(100+350)\%} = \frac{5}{12}$$

$$\frac{300x}{450y} = \frac{5}{12}$$

$$\frac{x}{y} = \frac{5}{12_4} \times \frac{450^3}{300_2} = \frac{5}{8} \quad \text{Ans.}$$

---

[75] नमक और पानी के एक घोल में 5% नमक है। अगर 20 L पानी वाष्प हो जाता है तो नमक 15% बन जाता है। प्रारम्भिक घोल की मात्रा ज्ञात करो।

	नमक	पानी
प्रारंभिक –	1×3	19×3
नया –	3	17

) – 57 Unit

पानी वाष्प हुआ है, नमक समान रहेगा नमक को बराबर करने के लिए 3 से गुणा करेंगे।

57 Unit —— 20 L

1 यूनिट —— $\frac{1}{2}$ L

प्रारंभिक घोल = $(3+57) \times \frac{1}{2}$ = 30 ली०.



---

[76] 12 ली० एसिड और पानी के मिश्रण में 30% एसिड है। एसिड को 40% करने के लिए कितने ली० पानी निकालना पड़ेगा।

$30\% = \frac{3}{10}$ — 3 एसिड, 10 मिश्रण

	एसिड	पानी
शुरुआत –	3×2 (6)	7×2 (14)
नया –	2×3 (6)	3×3 (9)

) – 5 ली०

एसिड दोनों जगह समान करने के लिए 2 से और 3 से गुणा किया है।

6+14 = 20 यूनिट —— 12 ली०

1 यूनिट —— $\frac{12}{20} = \frac{3}{5}$ ली०

5 यूनिट —— $5 \times \frac{3}{5}$ = 3 ली० पानी निकलेगा।

77 जब एक आदमी की आय 6000 रू० बढ़ती है तो टैक्स की दर 18% से 15% हो जाती है। जबकि दोनों परिस्थितियों में 25% आय कर मुक्त है। शुरूआत की आय ज्ञात करो अगर उसने दोनों परिस्थितियों में समान कर दिया हो।


$$x \times \frac{75}{100} \times \frac{18}{100} = (x+6000) \times \frac{75}{100} \times \frac{15}{100}$$

$$6x = 5x + 30000$$

$$x = 30{,}000$$ Ans.

---

78 एक आदमी अपनी आय का एक निश्चेत भाग बचाता है ताकि 16 महीने में वह एक कार खरीद सके। अगर वो इसी कार को 14 महीने में खरीदना चाहता हो तो उसे अपनी बचत कितने % बढ़ानी पड़ेगी?



$$\Rightarrow \frac{1}{7} \times 100 = 14\frac{2}{7}\%$$ Ans.

---

79 एक तरबूज में 90% पानी है। कुछ समय बाद इसमें केवल 12% पानी शेष बचता है और इसका वजन 50 कि०ग्रा० रह जाता है। प्रारंभिक वजन ज्ञात करो।

	छिलका	पानी
ताजा →	$1_{\times 22}$ (22)	$9_{\times 22}$ (198)
सूखा →	22	3

छिलके का वजन समान रहता है। समान करने के लिए 22 से गुणा किया है।

सूखा (22+3) = 25 युनिट ——— 50 कि०ग्रा०
1 युनिट ——— 2 कि०ग्रा०

ताजे का वजन = (22+198) = 220 × 2 = 440 कि०ग्रा० Ans

80. 20 किलो ताजे तरबूज में 96% पानी है . कुछ समय बाद इसमें 95% पानी रह जाता है । तरबूज का वर्तमान वजन ज्ञात करो ।



	छिलका		पानी
ताजा →	1	:	24
सूखा →	1	:	19

ताजे का वजन = 1+24 = 25 युनिट ⟶ 20 किलो

1 युनिट ⟶ $\frac{4}{5}$ किलो

सूखे का वजन = 1+19 = $20 \times \frac{4}{5}$ = 16 किलो Ans

---

81. ताजे फलों में 68% पानी है और सूखे फलों में 20% पानी है । 75 किलो ताजे फलो से कितने किलो सूखे फल बनाए जा सकते है ।

	छिलका		पानी
ताजे →	8	:	17
सूखे →	$4_{\times 2}$ (8)	:	$1_{\times 2}$ (2)

ताजे (8+17) = 25 युनिट → 75 किलो

1 युनिट → 3 किलो

सूखे फल = (8+2)×3 = 30 किलो Ans

---

82. एक कम्पनी अपने सेल्समैन को कुल बिक्री पर 7% कमीशन देती है । परन्तु अगर सेल्समैन को 3000 रु० के वेतन (+) 10,000 के ऊपर की बिक्री पर 4% कमीशन पर रखा जाए तो इस परिस्थिति में सेल्समैन को 800 रु० ज्यादा मिलते है । कुल बिक्री ज्ञात करो ।

$1^{st} \rightarrow x \times \frac{7}{100} = \frac{7x}{100}$

$II^{nd} \rightarrow 3000 + (x - 10,000) \times \frac{4}{100}$

$= 3000 + \frac{4x}{100} - 400$

$= 2600 + \frac{4x}{100}$

$\therefore 2600 + \frac{4x}{100} = \frac{7x}{100} + 800$

$x = 60,000$ Ans.

83 करीना और कटरीना ने एक चुनाव मे भाग लिया । 2/5 लोग ने करीना को वोट देने का वादा किया और बाकियों ने कटरीना को । चुनाव वाले दिन 15% लोगो ने करीना को वोट देने का वादा तोड़ दिया और 25% लोगों ने कटरीना को वोट देने का वादा तोड़ दिया । कुल मतो की संख्या ज्ञात करो अगर कटरीना 750 मतो से चुनाव जीती हो !

$\frac{2}{5}$ — 2 करीना, 5 कुल मत

कटरीना → 3

करीना		कटरीना
200	:	300
−30		−75
170		225
+75		+30
245		255

10 युनिट —— 750

1 युनिट —— 75 मत

कुल मत = 500×75 = 37500 Ans.

---

84 राम ने 6 काली और x सफेद बॉल खरीदी । काली बॉल की कीमत सफेद बॉल की कीमत का 5/2 है । बिल बनाते समय क्लर्क ने गलती से काली और सफेद बॉलो की संख्याओं को बदल दिया इसकी वजह से बिल 45% बढ़ गया । x ज्ञात करो ।

काली	सफेद
6	x
5 रु०	2 रु०

काली = $\frac{5}{2}$ × सफेद


$\frac{\text{काली}}{\text{सफेद}} = \frac{5}{2}$

30 + 2x (सही बिल)

12 + 5x (गलत बिल)

$\therefore \frac{30+2x}{12+5x} = \frac{100}{145}$

$x = 15$ Ans.





CLASS 18.

6. लाभ और हानि

लाभ (P) = विक्रय मुल्य − क्रय मुल्य

हानि (L) = क्रय मुल्य − विक्रय मुल्य

लाभ% (P%) = $\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मुल्य}} \times 100$ हानि% (L%) = $\frac{\text{हानि}}{\text{क्रय मुल्य}} \times 100$

क्रय मुल्य = $\frac{\text{विक्रय मुल्य} \times 100}{(100+P)\%}$

or $\frac{\text{विक्रय मुल्य} \times 100}{(100-L)\%}$

बट्टा (D) = अंकित मु० − वि० मु०

D% = $\frac{D}{\text{अंकित मुल्य}} \times 100$

विक्रय मुल्य = $\frac{\text{अंकित मुल्य} (100-D)\%}{100}$

or $\frac{\text{क्रय मुल्य} (100+P)}{100}$



$\frac{\text{अंकित मुल्य}}{\text{क्रय मुल्य}} = \frac{(100+P)\%}{(100-D)\%}$

---

1. 630 रू० में 12.5% के लाभ पर बेची गई किसी वस्तु का क्रय मुल्य ज्ञात करो।

12.5% = $\frac{1}{8}$ (1 — लाभ, 8 — क्रय मु०)

वि० मु० = 9 युनिट —— 630 रू०

1 युनिट —— 70

क्रय मु० = 8 × 70 = 560 रू०

---

2. 1470 रू० में $16\frac{2}{3}$% के लाभ पर बेची गई वस्तु का क्रय मुल्य ज्ञात करो।

$16\frac{2}{3}\%$ = $\frac{1}{6}$ (1 — लाभ, 6 — क्रय मु०)

वि० मु० = 7 ⟶ 1470

1 ⟶ 210

क्रय मु० = 6 × 210 = 1260 रू०

[3] एक दुकानदार किसी वस्तु को विक्रय मूल्य पर $16\frac{2}{3}\%$ लाभ पर बेचता है। वास्तविक लाभ % ज्ञात करो।

$16\frac{2}{3}\% = \frac{1}{6}$ — 1 लाभ, 6 वि० मू०

क्रय मू० = 5

लाभ % $= \frac{1}{5} \times 100 = 20\%$.

---

[4] एक दुकानदार किसी वस्तु को विक्रय मू० पर $8\frac{1}{3}\%$ लाभ पर बेचता है। वास्तविक लाभ % ज्ञात करो।

$8\frac{1}{3}\% = \frac{1}{12}$ — 1 लाभ, 12 वि० मू०

क्रय मू० = 11

लाभ % $= \frac{1}{11} \times 100 = 9\frac{1}{11}\%$

---

[5] एक आदमी किसी वस्तु को विक्रय मूल्य पर 25% हानि पर बेचता है। वास्तविक हानि % ज्ञात करो।

$25\% = \frac{1}{4}$ — 1 हानि, 4 वि० मू०

क्रय मू० = 5

हानि % $= \frac{1}{5} \times 100 = 20\%$

---

[6] 16 वस्तुओं का क्रय मू० 14 वस्तुओ के वि० मू० के बराबर है लाभ / हानि % ज्ञात करो।

$\overset{8}{\cancel{16}} \times$ क्र० मू० $= \overset{7}{\cancel{14}} \times$ वि० मू०

$\frac{\text{क्रय मू०}}{\text{वि० मू०}} = \frac{7}{8}$) लाभ = 1

लाभ % $= \frac{1}{7} \times 100 = 14\frac{2}{7}\%$.

---

[7] 2750 वस्तुओं का क्र० मू० 2500 वस्तुओं के वि० मू० के बराबर है लाभ / हानि % ज्ञात करो।

$\frac{\text{क्र० मू०}}{\text{वि० मू०}} = \frac{\cancel{2500}}{\cancel{2750}} = \frac{10}{11}$) लाभ = 1

लाभ % $= \frac{1}{1\cancel{0}} \times 10\cancel{0} = 10\%$.

---

[8] 12 वस्तुओं का क्र० मू० 9 वस्तुओं के वि० मू० के बराबर है। जबकि 10 वस्तुओं पर बट्टा (D) 5 वस्तुओं पर लाभ (P) के बराबर है। लाभ % और बट्टा % में अन्तर ज्ञात करो।

$\overset{4}{\cancel{12}} \times$ क्र० मू० $= \overset{3}{\cancel{9}} \times$ वि० मू०

$\frac{\text{क्र० मू०}}{\text{वि० मू०}} = \frac{3}{4}$) 1

लाभ % $= \frac{1}{3} \times 100 = 33.33\%$

$10 \times D = 5 \times P$

$\frac{D}{P} = \frac{1}{2}$

क्र०मू०	वि०मू०	अंकित मू०
3	4	4.5

(3 → 4 : 1, 4 → 4.5 : 0.5)

$D\% = \frac{0.5}{4.5} \times 100 = 11.11\%$

$P\% - D\% = 33.33 - 11.11 = 22.22\%$

---

[9] 12 वस्तुओं का क्रय मू० और 9 वस्तुओं का वि०मू० बराबर है। जबकि 8 वस्तुओं पर बट्टा और 6 वस्तुओं पर लाभ बराबर है। लाभ% और बट्टा% में अन्तर ज्ञात करो।

$\frac{\text{क्र० मू०}}{\text{वि० मू०}} = \frac{9}{12} = \frac{3}{4}$) लाभ = 1

लाभ% $= \frac{1}{3} \times 100 = 33.33\%$

$D \times 8^{4} = P \times 6^{3}$

$\frac{D}{P} = \frac{3}{4}$

क्र०मू०	वि०मू०	अंकित मू०
3×4	4×4	19

लाभ = 4, बट्टा = 3

$D\% = \frac{3}{19} \times 100 = 15.79\%$

$P\% - D\% = 17.5\%$ Ans.

---

[10] 72 वस्तुओं को बेचने पर एक आदमी को 9 वस्तुओं के वि०मू० की हानि होती है। हानि% ज्ञात करो।

1 वस्तु का वि० मू० = 1 रु०

हानि = 9 रु०

वि० मू० = 72 रु०

क्र० मू० = 72+9 = 81 रु०

हानि% $= \frac{9}{81} \times 100 = 11\frac{1}{9}\%$



---

[11] 72 वस्तुओं को बेचने पर एक आदमी को 9 वस्तुओं के वि०मू० का लाभ होता है। लाभ% ज्ञात करो।


1 वस्तु का वि० मू० = 1 रु०

लाभ = 9 रु०

वि० मू० = 72 रु०

क्रय मू० = 72−9 = 63 रु०

लाभ % = $\frac{9}{63}\times100 = 14\frac{2}{7}\%$



12 72 वस्तुओं को बेचने पर एक आदमी को 9 वस्तुओं के क्र० मू० का लाभ होता है। लाभ % ज्ञात करो।

एक वस्तु का क्र० मू० = 1 रु०

लाभ = 9 रु०

72 वस्तुओं का क्र० मू० = 72 रु०

लाभ % = $\frac{9}{72}\times100 = 12\frac{1}{2}\%$

13 10 मोमबत्ती बेचने पर एक आदमी को 3 पैन के वि० मू० का फायदा होता है जबकि 10 पैन बेचने पर 4 मोमबत्ती के वि० मू० का नुकसान होता है। हानि % व लाभ % की कीमत बराबर है और मोमबत्ती का क्र० मू० पैन के क्र० मू० से आधा है। मोमबत्ती और पैन के वि० मू० का अनुपात ज्ञात करो

	मोमबत्ती	पैन
क्र० मू० –	x	$2x$
वि० मू० –	a	b

क्र० मू० = $10x$

लाभ = $3b$

लाभ % = $\frac{3b}{10x}\times100$

क्र० मू० = $20x$

हानि = $4a$

हानि % = $\frac{4a}{20x}\times100$


P% = L%

$\frac{3b}{10x}\times100 = \frac{4a}{20x}\times100$

$3b = 2a$

$\frac{a}{b} = \frac{3}{2}$ Ans

14 जब एक वस्तु को 800 रु० में बेंचा जाता है तो उसपे मिलने वाला लाभ, जब उसी वस्तु को 275 रु० में बेचा जाता है उससे होने वाली हानि का 20 गुना है। ज्ञात करो कि 20% लाभ कमाने के लिए वस्तु को किस कीमत पर बेचना चाहिए.



$800 - 20x = 275 + x$ (क्र० मू० = क्र० मू०) $\therefore$ $\boxed{x = 25}$

हानि = −x = 25

∴ क्र० मू० = 275+25 = 300 रु०

लाभ = 20%

वि० मू० = $300 \times \frac{120}{100}$ = 360 रु०


OR 800 − 275 = 525

26 : 1

500 (लाभ)   25 (हानि)



15 एक वस्तु को 717 रु० में बेचने पर मिलने वाला लाभ उसी वस्तु को 527 रु० में बेचकर मिलने वाली हानि से $11\frac{1}{9}\%$ ज्यादा है। 10% लाभ कमाने के लिए वस्तु को किस कीमत पर बेचना पड़ेगा।



$11\frac{1}{9}\% = \frac{+1}{9}$

717 − 527 = 190

10 : 9


100 (लाभ)   90 (हानि)

क्र० मू० = 717 − 100 = 617

वि० मू० = $617 \times \frac{110}{100}$


= 678.7 रु०

16 एक आदमी किसी वस्तु को 9% हानि पर बेचता है। अगर वह इसको 750 रु० ज्यादा में बेचता तो उसे 7% का फायदा होता। प्रारंभ मे उसका क्रय० मू० क्या था ?




क्र0 मू0 = $100 \times \frac{750}{16}$ = 4687.50 रु0

[17] एक आदमी किसी वस्तु को 7% लाभ पर बेचता है अगर वह इसको 4248 रु0 ज्यादा में बेचता तो उसे 13% का लाभ होता। प्रारंभिक क्र0 मू0 ज्ञात करो।




क्र0 मू0 = 100 × 708 = 70800 रु0

[18] एक आदमी किसी वस्तु को 20% लाभ पर बेचता है। अगर उसने इसे 10% कम में खरीदा होता और 18 रु0 कम में बेचा होता तो उसे 30% का लाभ होता। प्रारंभिक क्र0 मू0 ज्ञात करो।



प्रारंभिक क्र0 मू0 = 100×6 = 600 रु0

[19] एक आदमी किसी वस्तु को 10% लाभ पर बेचता है। अगर उसने इसे 20% कम में खरीदा होता और 20 रु0 ज्यादा में बेचा होता तो उसे 40% का लाभ होता। प्रारंभिक क्र0 मू0 ज्ञात करो



प्रारंभिक क्र0 मू0 = 100×10 = 1000 रु0

[~~20~~]



२० एक आदमी किसी वस्तु को २५% लाभ पर बेचता है। अगर उसने इसे 900 रु० कम में खरीदा होता और 900 रु० कम में बेचा होता तो उसे 5% का अतिरिक्त लाभ होता। वस्तु का क्रय मू० ज्ञात करो।

लाभ $= 25\% = \frac{1}{4}$ $\qquad 30\% = \frac{+3}{10}$

क्र०मू०	वि० मू०
$4x$	$5x$

$$\frac{\text{नया क्र० मू०}}{\text{नया वि०मू०}} \quad \frac{4x-900}{5x-900} = \frac{10}{13}$$

$$52x - 11700 = 50x - 9000$$
$$2x = 2700$$
$$x = 1350$$

क्र० मू० $= 4 \times 1350 = 5400$ रु०

२१ एक आदमी किसी वस्तु को २०% लाभ पर बेचता है। अगर उसने इसे 600 रु० कम में खरीदा होता और 400 रु० कम में बेचा होता, उसे 10% अतिरिक्त लाभ होता। क्र० मू० ज्ञात करो।

$20\% = \frac{+1}{5}$ $\qquad 30\% = \frac{+3}{10}$

क्र० मू०	वि० मू०
$5x$	$6x$

$$\frac{5x-600}{6x-400} = \frac{10}{13}$$

$5x = 3800 =$ क्र० मू० Ans.

२२ एक आदमी ने 11 वस्तुएं 10 रु० के हिसाब से खरीदी और 10 वस्तुएँ 11 रु० के हिसाब से बेची। लाभ / हानि % ज्ञात करो।

	वस्तुएं	कीमत	
क्र० मू० →	11×10	10×10 (100)	+21
वि० मू० →	10×11	11×11 (121)	

$\frac{21}{100} \times 100 = 21\%$ लाभ

वस्तुएं बराबर कर लेते हैं।

२३ एक आदमी ने कुछ पैंसिले 6 पैंसिल 5 रु० के हिसाब से खरीदी और 5 पैंसिले 6 रु० के हिसाब से बेची। लाभ/हानि % ज्ञात करो।

	वस्तु	कीमत	
क्र० मू०	6×5	5×5 (25)	
वि० मू०	5×6	6×6 (36)	+11

$\frac{11}{25} \times 100 = 44\%$ लाभ

२४ एक आदमी ने कुछ संतरे 1 संतरा २ रु० के हिसाब से, समान संतरे २ संतरे 1 रु० की दर से और उसने सभी संतरे 4 संतरे 3 रु० की दर से बेचें। लाभ/हानि % ज्ञात करो।

	वस्तु	कीमत	मू०/वस्तु
क्र०मू०	1	२ रु०	२ रु० ×4 = 8
क्र० मू०	२	1 रु०	$\frac{1}{2}$ रु० ×4 = २
			क्र० मू० (8 वस्तु) 10 रु०
वि० मू०	4	3 रु०	$\frac{3}{4}$ रु० × 8 = 6 रु०
			वि०मू० (8 वस्तु)

−4

$\frac{4}{10} \times 100 = 40\%$ हानि

२५ एक आदमी ने कुछ संतरे 5 संतरे 1 रु० की दर से, समान संतरे 4 संतरे 1 रु० की दर से खरीदें। उसने सभी संतरे 9 संतरे २ रु० की दर से बेच दिए। इन सबमें उसको 30 रु० का घाटा हुआ संतरों की संख्या ज्ञात करो।

5, 4, 9 का L.C.M 180


	संतरे	मूल्य	मू०/संतरा
क्र०मू०	5	1 रु० →	$\frac{1}{5} \times 180 = 36$
क्र० मू०	4	1 रु० →	$\frac{1}{4} \times 180 = 45$
			क्र०मू० (360 संतरे) = 81 रु०
वि० मू०	9	२ रु० →	$\frac{2}{9} \times 360 = 80$ रु०
			वि०मू० (360 संतरे)

−1 रु० ⟶ 30

संतरों की संख्या = 360×30 = 10800 Ans.


26 एक बेईमान दुकानदार अपनी वस्तुओं को क्र० मू० पर बेचने का वादा करता है परन्तु वह 30% कम वजन प्रयोग करता है। लाभ % ज्ञात करो।

1000 ग्रा० —— 1000 रु०



$\frac{300}{700}\times 100 = 42\frac{6}{7}\%$ लाभ


27 एक बेईमान दुकानदार अपनी वस्तुओं को क्र० मू० पर बेचने का वादा करता है परन्तु वह 1 किलो की जगह 960 gm वजन का प्रयोग करता है। लाभ % ज्ञात करो।



$\frac{40}{960}\times 100$

$= 4\frac{1}{6}\%$ लाभ


28 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को 44% हानि पर बेचने का वादा करता है परन्तु वह 30% वजन कम तोलता है। वास्तविक हानि % ज्ञात करो।



$\frac{140}{700}\times 100$

20% हानि

29 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को 10% लाभ पर बेचने की बात करता है परन्तु वह 20% कम वजन तोलता है। लाभ % ज्ञात करो।






$\frac{300}{800}\times 100$

$= 37\frac{1}{2}\%$ लाभ

30 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को x% लाभ पर बेचने का वादा करता है परन्तु वह 20% वजन कम तोलता है और $37\frac{1}{2}\%$ लाभ कमाता है। x का मान ज्ञात करो।





$37\frac{1}{2}\% = \frac{+3}{8}$ — क्र० मू०

8 युनिट —— 800

1 युनिट —— 100


वि० मू० —— $11 \times 100 = 1100$

$\frac{100}{1000} \times 100$

$x = 10\%$ Ans

---

31 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को x% हानि पर बेचने का वादा करता है परन्तु वह 20% कम वजन तोलता है और 20% का लाभ कमाता है। x का मान ज्ञात करो।



$20\% = \frac{1}{5}$

क्र० मू० 5 युनिट —— 800

1 युनिट —— 160

वि० मू० 6 युनिट —— $6 \times 160 = 960$

$\frac{40}{1000} \times 100$

$x = 4\%$ Ans

---

32 एक बेईमान दुकानदार खरीदते समय 20% की चोरी करता है और बेचते समय 40% की चोरी करता है। वह अपनी वस्तुओं को 10% हानि पर बेचने का वादा करता है। लाभ% ज्ञात करो।

1000 ग्रा० क्र० मू० —— 1000 रु०

1200 ग्रा० क्र० मू० —— 1000 रु०

2×600 ग्रा० वि० मू० —— 900 रु० (10% हानि पर) +800

1200 ग्रा० वि० मू० —— 1800 रु०

लाभ % = $\frac{800}{1000} \times 100$ = 80%

34] एक दुकानदार अपनी वस्तुओं पर क्रय मूल्य से 40% ज्यादा अंकित मूल्य लिखता है और ग्राहक को 25% का बट्टा देता है। बेचते समय वह 800 ग्रा० वजन प्रयोग करता है (1 किलो की जगह) लाभ % ज्ञात करो।

क्र०मू० वि०मू० अंकित मू०
100 105 140
5% → लाभ, −35 → बट्टा

4 × 1000 ग्रा० क्र०मू० —— 1000 रू०

5 × 800 ग्रा० वि०मू० —— 1050 रू०

$140 \times \frac{25}{100} = 35$

4000 ग्रा० क्र०मू —— 4000 रू०
4000 ग्रा० वि०मू० —— 5250 रू०
) 1250



$\frac{1250}{4000} \times 100$ = 31.25% Ans

35] एक दुकानदार अपनी वस्तुओं पर क्रय मू० से 20% ज्यादा मूल्य अंकित करता है और ग्राहक को 10% बट्टा देता है। बेचते समय वह 1 किलो की जगह 900 ग्रा० वजन प्रयोग करता है और खरीदते समय वह 1 किलो की जगह 1100 ग्रा० वजन प्रयोग करता है। लाभ % ज्ञात करो।

क्र०मू० वि०मू० अंकित मू०
100 108 120
8% −12

1000 ग्रा० क्र०मू० —— 1000 रू०

9×1100 ग्रा० — क्र०मू० —— 1000 रू० ×9 = 9000
11×900 ग्रा० — वि० मू० —— 1080 रू० ×11 = 11880
) +2880

$\frac{2880}{9000} \times 100$ = 32% लाभ

36] एक दुकानदार 10% की बेईमानी खरीदते समय और 10% की बेईमानी बेचते समय करता है। लाभ % ज्ञात करो।

100 ग्रा० — क्र०मू० —— 100 रू०

9 × 110 ग्रा० — क्र० मू० —— 100 रू० ×9 = 900
11 × 90 ग्रा० — वि० मू० —— 100 रू० ×11 = 1100
) +200

$\frac{200}{900} \times 100 = 22\frac{2}{9}\%$

SSC इसका Ans 21 मानता है।

$10 + 10 + \frac{10 \times 10}{100}$

21%

37 एक आदमी ने कुछ संतरे 11 संतरे 1 रु० में की दर से खरीदें। 10% लाभ के लिए उसे 1 रु० में कितने संतरे बेचने होंगे।

कीमत	100	:	110
	10	:	11
संतरे	11	:	10
	↓		↓
	11 संतरे		10 संतरे Ans

ट्रिक (110 Rs)

वस्तु – 11 संतरे : 10 संतरे

कीमत – 10 रु०/संतरा   11 रु०/संतरा

अगर क्र० और वि० का धन समान रखना है तो इस टाइप के सवालों में जो कीमत का अनुपात होता है उसका उल्टा वस्तुओं का अनुपात होता है।

38 एक आदमी ने कुछ संतरे 25 संतरे 1 रु० में की दर से खरीदें। 1 रु० में उसे कितने संतरे बेचने चाहिए ताकि उसे 25% का लाभ हो।

कीमत	~~100~~	:	~~125~~
	4	:	5
वस्तु	5	:	4
	×5		×5
	25		20 संतरे Ans

39 1 रु० में 32 संतरे बेचने पर एक आदमी को 40% की हानि होती है। 20% लाभ कमाने के लिए 1 रु० में उसे कितने संतरे बेचने पड़ेंगे।

कीमत	~~60~~	:	~~120~~
	1	:	2
वस्तु	2	:	1
	×16		×16
	32		16 संतरे Ans



40 1 रु० में 12 संतरे बेचने पर एक आदमी को 20% की हानि होती 20% लाभ कमाने के लिए 1 रु० में उसे कितने संतरे बेचने चाहिए।

मू० ~~80~~ : ~~120~~
2 : 3

वस्तु 3 : 2
|×4 |×4
12 8 संतरे Ans

---

[41] 40 रु० में 45 संतरे बेचने पर एक आदमी को 20% की हानि होती है। 20% लाभ कमाने के लिए 24 रु० में उसे कितने संतरे बेचने पड़ेंगे।

कीमत ~~80~~ : ~~120~~
2 : 3

वस्तु 3 : 2
|×15 |×15
45 30 संतरे

अगर वि० मू० 40 रु० —— 30 संतरे
" " 1 रु० —— $\frac{30}{40}$ "
" " 24 रु० —— $\frac{30}{40} \times 24$

= 18 संतरे Ans

CLASS 20

By Pardeep Chhoker
72[illegible]



---

[42] राम ने ~~[illegible]~~ 60 पैं०/वस्तु के हिसाब से ~~6~~ 750 वस्तुएं बनाता है। उसने वि० मू० ऐसे निर्धारित कर रखा है कि अगर 600 वस्तुएं ही बिके तो भी उसे 40% का फायदा होगा। हालांकि 120 वस्तुएं खराब हो गई और वह 630 वस्तुएं बेचने में कामयाब रहा। कुल खपत पर उसका वास्तविक लाभ % ज्ञात करो।

क्र० मू० $= 750 \times \frac{60}{100} = 450$ रु०

लाभ $= 450 \times \frac{40}{100} = 180$



600 वस्तुओं —— वि० मू० = 630 रु०

1 वस्तु —— वि० मू० = $\frac{630}{600} = \frac{21}{20}$ रु०

630 वस्तुओं का वि० मू० = $\frac{21}{20} \times 630 = 661.50$ रु०

लाभ $= 661.50 - 450 = 211.5$ रु०

लाभ % $= \frac{2115}{4500} \times 100 = 47\%$

OR अगर प्रतिशत में Ans पूछा है तो हम कोई भी value ले सकते है।

क्र० मू० —— 100 रू०

600 वस्तुओं का वि० मू० = 140 रू०

1 वस्तु का वि० मू० = $\frac{140}{600} = \frac{7}{30}$

630 वस्तुओं का वि०मू० = $\frac{7}{30} \times 630 = 147$

लाभ % = 47%

---

43 एक आदमी कुछ वस्तुएं 5400 रू० में खरीदता है और उनमें से $\frac{2}{3}$ भाग 5% लाभ पर बेच देता है। बची हुई वस्तुएं कितने लाभ पर बेचें की उसे सभी वस्तुओं पर कुल 13% का लाभ हो.

$2 \times 5\% = 10\%$

$1 \times (29\%) = 29\%$ — 29% Ans

$3 \times 13\% = 39\%$

---

44 एक आदमी ने कुछ वस्तुएं 189000 में खरीदी। उनमें से $\frac{3}{8}$ 12% लाभ पर बेच दी। बची हुई वस्तुओं को कितने हानि % पर बेचे की उसे कुल मिलाकर 4% का लाभ हो।

$3 \times 12\% = 36\%$

$5 \times (\frac{4}{5}\%) = -4\%$ — $\frac{4}{5}\%$ Ans

$8 \times 4\% = +32\%$

---

45 एक निर्माता अंदाजा लगाता है कि निरिक्षण के समय उसकी वस्तुओं में से 12% बेकार मिलेंगी। वह 7.50 रू०/वस्तु के दर से 22000 वस्तुओं का आर्डर लेता है। वह अंदाजा लगाता है कि कुल खपत पर उसका लाभ प्रतिशत 20 होगा। एक वस्तु का क्रय मू० ज्ञात करो।

वि० मू० = $22000 \times \frac{88}{100} \times 7.5$

20% = $\frac{1}{5}$ — लाभ / क्र० मू०

वि० मू० = 6

6 युनिट ⟶ $22000 \times \frac{88}{100} \times 7.5$

5 युनिट ⟶ $22000 \times \frac{88}{100} \times 7.5 \times 5$

(22000 वस्तुओं का क्र०मू०)

1 वस्तु का क्र० मू० = $\frac{\cancel{22000} \times 88 \times 7.5 \times 5}{6 \times 100 \times \cancel{22000}}$ = 5.5 रु०



बट्टा

5 खरीदने पर 4 मुफ्त

एक वस्तु का अंकित मू० = 10 रु०

9 वस्तुओं का अं० मू० = 90 रु०
5 वस्तुओं का वि० मू० = 50 रु०   ) −40

बट्टा% = $\frac{40}{90} \times 100 = 44\frac{4}{9}\%$

3 खरीदने पर 3 मुफ्त

6 का अं० मू० = 60 रु०
3 का वि० मू० = 30 रु०   ) 30

D% = $\frac{30}{60} \times 100$
= 50%

5 खरीदने पर 4 मुफ्त + 20% अतिरिक्त बट्टा

अंकित मूल्य = 90

वि० मू० = 50
↓ 20% बट्टा
40

) −50

बट्टा% = $\frac{50}{90} \times 100$
= $55\frac{5}{9}\%$

4 खरीदने पर 5 मुफ्त + 50% अतिरिक्त बट्टा

अंकित मू० = 90

वि० मू० = 40
↓ 50% बट्टा
20

) 70

बट्टा% = $\frac{70}{90} \times 100$
= $77\frac{7}{9}\%$

46 एक दुकानदार अंकित मू० पर 25% बट्टा देता है और 30% लाभ कमाता है। अगर उसका लाभ 90 रू० हो तो बट्टा ज्ञात करो।

क्र० मू० वि० मू० अंकित मू०

$3_{\times 13} : 4_{\times 13}$

$10_{\times 3} : 13_{\times 3}$

30 : 39 : 52

लाभ = 9 बट्टा = 13

↓×10 ↓×10

90 130 रू० Ans

$25\% = \frac{1}{4}$ — बट्टा / अंकित मू०

वि० मू० = 3

$30\% = \frac{3}{10}$ — लाभ / क्र० मू०

वि० मू० = 13

47 एक दुकानदार को अपनी वस्तुओं की कीमत क्रय मू० से कितने प्रतिशत ज्यादा अंकित करनी चाहिए ताकि 20% बट्टा देकर भी वह 10% लाभ कमाए।

क्र० मू० वि० मू० अंकित मू०

$4_{\times 11} : 5_{\times 11}$

$10_{\times 4} : 11_{\times 4}$

40 44 55

+15

$\frac{15}{40} \times 100 = 37\frac{1}{2}\%$

OR

(100% − D%) (100% + P%)

क्र० मू० अंकित मू०

80 110

+30

$\frac{30}{80} \times 100 = 37\frac{1}{2}\%$ Ans

48 एक दुकानदार को अपनी वस्तुओं की कीमत क्र० मू० से कितने % ज्यादा अंकित करनी चाहिए कि 10% बट्टा देकर वह 30% लाभ कमाए।

क्र० मू० अंकित मू०

90 130

+40

$\frac{40}{90} \times 100 = 44\frac{4}{9}\%$ Ans



49 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं का मूल्य इस प्रकार अंकित करता है कि 12.5% बट्टा देकर वह 20% लाभ कमाता है। अगर उसका क्र० मू० 1400 रु० है तो अंकित मू० ज्ञात करो।

क्र० मू०		अंकित मू०
$1-\frac{1}{8}$		$1+\frac{1}{5}$
$\frac{7}{8}$	:	$\frac{6}{5}$
35	:	48

35 यूनिट —— 1400

1 यूनिट —— $\frac{1400}{35} = 40$

48 यूनिट —— 40×48

= 1920 रु०

---

50 एक दुकानदार अपने ग्राहकों को 25% बट्टा देता है। परन्तु वह स्मगलिंग कि वस्तुएं बेचता है इसलिए क्रय मू० का 10% वह रिश्वत देता है। अंकित मू० ज्ञात करो अगर वह $9\frac{1}{11}$% लाभ कमाना चाहता हो और वस्तुओं का क्रय मू० 2500 रु० हैं।

क्र० मू०		अंकित मू०
$1-\frac{1}{4}$		$1+\frac{1}{11}$
$\frac{3}{4}$	:	$\frac{12}{11}$ (4)
11	:	16
×250 ↓		↓ ×250
2750		4000 रु० Ans.

कुल लागत (क्र० मू०) =

$2500 + 2500 \times \frac{10}{100}$

2750 रु०.



---

51 एक वस्तु को 1170 रु० बेचकर एक आदमी 10% बट्टा देता है और 30% लाभ कमाता है। अगर बट्टा ना दिया जाए तो लाभ % ज्ञात करो।

क्र० मू० —— अंकित मू०

90 —— 130

+40

अगर बट्टा ना दिया जाए तो 130 में बेचेगा

$\frac{40}{90} \times 100 = 44\frac{4}{9}$ %

52 एक वस्तु 15600 रु० में बेचकर एक आदमी 8% बट्टा देता है और 19.6% लाभ कमाता है। अगर बट्टा 0% हो तो लाभ % ज्ञात करो।

क्र० मू० अंकित मू०

92 119.6

+27.6

$\frac{27.6}{92} \times 100 = 30\%$

---

53 1170 रु० में किसी चीज को बेचकर एक आदमी 10% बट्टा देता है और 30% लाभ कमाता है। अगर बट्टा 5% हो तो लाभ % ज्ञात करो।

क्र० मू० अंकित मू०

90 130

+33.5 −5% (−6.5 रु०)

123.5 — वि० मू०

$\frac{33.5}{90} \times 100 = 37\frac{2}{9}\%$

---

54 एक दुकानदार 5 वस्तुओं की खरीद पर 3 वस्तुएँ फ्री देता है वह 20% बट्टा और देता है और फिर भी 25% लाभ कमाता है क्र० मू० और अंकित मू० का अनुपात ज्ञात करो।

5 खरीदने पर 3 फ्री + 20% बट्टा

अंकित मू० = 80

~~वि० मू०~~ = 50

↓20% बट्टा

वि० मू० 40

$25\% = \frac{1}{4}$ — लाभ / क्र० मू०

वि० मू० = 5

5 युनिट → 40

1 युनिट → 8

क्र० मू० = 4×8
= 32.

क्र० मू०		अंकित मू०
~~32~~	:	~~80~~
2	:	5

OR

क्र० मू०		अंकित मू०
$\frac{80}{8}$	:	$\frac{125}{5}$
10	:	25
2	:	5



55 एक दुकानदार 15 वस्तुओं की खरीद पर 1 वस्तु मुफ्त देता है और 4% बट्टा अतिरिक्त देता है और अब भी 35% लाभ कमाता है। क्र० मू० और अंकित मू० का अनुपात ज्ञात करो।

क्र० मू०		अंकित मू०
96		135
$\frac{96}{16}$	:	$\frac{135}{15}$
6	:	9
2	:	3

---

56 एक दुकानदार 12 वस्तुओं की खरीद पर 4 वस्तुएं फ्री देता है और 20% अतिरिक्त बट्टा देता है और फिर भी 20% लाभ कमाता है। क्र० मू० और अंकित मू० का अनुपात ज्ञात करो।

क्र० मू०		अंकित मू०
80		120
$\frac{80}{16}$		$\frac{120}{12}$
5	:	10
1	:	2



---

57 राकेश यादव रीडर पब्लिकेशन 3,50,000 रू० में 3500 किताबें छापता है। वह 500 किताबें मुफ्त में दे देते हैं। वह अंकित मू० पर 25% बट्टा और प्रत्येक 29 किताबों की खरीद पर 1 मुफ्त देता है। अगर एक किताब का अंकित मू० 160 रू० हो तो लाभ या हानि ज्ञात करो।

क्र० मू० = 3,50,000

वि० मू० = 2900 × 120 = 3,48,000

हानि = 2000

(*) 29 किताबों ——— 1 मुफ्त

अगर 30 किताबें बिकी तो पैसे 29 के आयेंगे

↓×100 ↓×100

3000 ——— 2900

वि० मू० = $160 \times \frac{25}{100} = 40$

$160 - 40 = 120$ रू०.

[58] एक आदमी ने 4725 रु० में 30 रिक्शा खरीदें, इनमे से 8 चार सवारी वाले हैं और शेष दो सवारी वाले हैं। उसने चार सवारी वालो को किस कीमत पर बेचना चाहिए कि अगर वह दो सवारी वालो को इसके 3/4 कीमत पर बेचें तो भी कुल मिलाकर उसको 40% का लाभ हो।

	चार सवारी वाले	दो सवारी वाले
~~क्र०मू०~~ संख्या →	8	22
वि०मू०	4x	3x
	32x	66x

$40\% = \frac{2}{5}$ (2 — लाभ, 5 — क्र०मू०)

क्र०मू० 5 ⟶ 4725

1 ⟶ 945

वि०मू० = 7 ⟶ 7×945 = 6615 रु०

$\therefore\ 32x + 66x = 6615$

$98x = 6615$

$x = 67$ (approx)

$4x = 67 \times 4 = 268 = 270$ रु०

By [stamp] Chhoker
72[stamp]4 6[stamp]7

CLASS 21

(#) 30% Book + 40% Pen = Profit

40% Book ± 30% Pen = Profit ± 800

-10% Book + 10% Pen = −800

$\frac{-10}{100}(B-P) = -800$

$(B-P) = 8000$

$\frac{800}{10} \times 100 = 8000$

[59] एक आदमी ने एक किताब 9% लाभ तथा एक पैन 13% लाभ पर बेचे अगर वह किताब 13% और पैन 9% लाभ पर बेचे तो उसे 80 रु० ज्यादा मिलेंगे। किताब और पैन का क्र०मू० ज्ञात करो अगर वह दोनों को 20,000 में खरीदता है।

$9\% B + 13\% P =$ Profit

समान

$13\% B + 9\% P =$ Profit + 80

$(B-P) = \frac{80}{4} \times 100 = 2000$

$B+P = 20,000$

$B-P = 2000$

$B = 11000$

$P = 9000$ Ans

---

60. एक आदमी एक किताब और पैन 25000 में खरीदता है। वह किताब को 13% और पैन को 17% लाभ पर बेचता है अगर वह किताब को 17% और पैन को 13% लाभ पर बेचे तो उसे 80 रु० ज्यादा मिलेंगे। किताब और पैन का क्र० मू० ज्ञात करो।

$B-P = \frac{80}{4} \times 100 = 2000$

B = किताब

P = पैन

$B+P = 25000$

$B-P = 2000$

B = 13500 रु०

P = 11,500 रु०

---

61. एक आदमी ने 1600 रु० में दो साईकिल खरीदी। उसने पहली को 10% तथा दूसरी को 20% लाभ पर बेचा अगर वह पहली को 20% तथा दूसरी को 10% लाभ पर बेचे तो उसे 5 रु० ज्यादा मिलेंगे। दोनों साइकिलों का क्र० मू० ज्ञात करो।

$\frac{5}{10} \times 100 = 50$

$C_1 + C_2 = 1600$

$C_1 - C_2 = 50$

$C_1 = 825$ रु०

$C_2 = 775$ रु०



---

62. 8 किताबों और 5 पैन की कुल कीमत 92 रु० है। 3 किताबों और 2 पैन की कीमत ज्ञात करो यदि 5 किताबों और 8 पैन की कीमत 77 रु० हो।

$8B + 5P = 92$

$5B + 8P = 77$

घटा करने पर $3B - 3P = 15$

$(B-P) = 5$

$+$

$13B + 13P = 169$

$B+P = 13$

$B+P = 13$

$B-P = 5$

$B = 9$

$P = 4$

$3B + 2P$

$= 27 + 8$

$= 35$ Ans

63. राकेश यादव के पास 2 बल्ले और एक गेंद है। बॉल की कीमत 96 रु० है। अगर वह गेंद को पहले बल्ले के साथ बेचें तो दूसरे बल्ले की कीमत से दुगुना धन प्राप्त होता है। परन्तु अगर वह गेंद को दूसरे बल्ले के साथ बेचें तो पहले बल्ले की कीमत से 306 रु० कम धन प्राप्त होता है। पहले बल्ले की कीमत बताओ

1st बल्ला = A   गेंद = 96

2nd बल्ला = B

$A+96 = 2B$

$B+96 = A-306$

$B = A-306-96$

$B = 2B-96-306-96$

B = 498

$A+96 = 498\times2$

A = 900

64. राकेश यादव एक पैन को 5% हानि तथा किताब को 15% लाभ पर बेचकर कुल 7 रु० लाभ कमाता है। अगर वह पैन को 5% लाभ और किताब को 10% लाभ पर बेचे तो 6 रु० ज्यादा कमाता है। किताब और पैन का मू० ज्ञात करो।

P = पैन

B = किताब

$-5\%P + 15\%B = 7$ —— (i)

$5\%P + 10\%B = 13$ —— (ii)

$\frac{25}{100}B = 20$

B = 80

B का मान (i) में रखो

$-5\%P + \frac{15}{100}\times80 = 7$

$-5\%P = -5$

$\frac{5}{100}P = 5$

P = 100

65. एक आदमी एक मेज को 12% हानि व एक किताब को 19% लाभ पर बेचता है और 160 रु० का लाभ कमाता है। अगर वह मेज को 12% लाभ व किताब को 16% हानि पर बेचे तो 40 रु० की हानि होगी किताब का मूल्य ज्ञात करो।

$-12\%T + 19\%B = 160$

$12\%T - 16\%B = -40$

$3\%B = 120$

$\frac{3}{100}B = 120$

B = 4000 Ans



66. एक आदमी एक मेज को 15% लाभ व कुर्सी को 12% हानि पर बेचता है और 540 रु० लाभ कमाता है। अगर वह मेज को 12% हानि तथा कुर्सी को 15% लाभ पर बेचे तो उसे कोई लाभ/हानि नहीं होगा। कुर्सी तथा मेज का मू० ज्ञात करो।

$-12\% T + 15\% C = 0$

$\frac{15}{100} C = \frac{12}{100} T$

$\frac{C}{T} = \frac{4}{5}$

T(मेज) 500 → +15% → 75
C(कुर्सी) 400 → −12% → −48

+27 यूनिट —— 540
1 यूनिट —— 20

कुर्सी = 400×20 = 8000

मेज = 500×20 = 10,000

67. एक आदमी एक किताब और मेज को क्रमशः 13% व 19% लाभ पर बेचता है और 1060 रु० लाभ कमाता है। परन्तु अगर वह किताब को $16\frac{2}{3}\%$ लाभ पर व मेज को $11\frac{1}{9}\%$ हानि पर बेचे, तो उसे कोई लाभ/हानि नहीं होता। किताब और मेज का मू० ज्ञात करो।

$\frac{1}{6} B = \frac{1}{9} T$

$\frac{B}{T} = \frac{2}{3}$

किताब 200 → 26
मेज 300 → 27

26 + 27

53 यूनिट —— 1060
1 " —— 20

किताब = 200×20 = 4000

मेज = 300×20 = 6000



68. एक आदमी एक वस्तु 15% हानि और दूसरी वस्तु 19% लाभ पर बेचता है। इन सबके बाद उसे 90 रु० की हानि होती है। अगर उसे दोनों वस्तुओं को एक समान मू० पर बेचा हो तो दूसरी वस्तु का क्र० मू० ज्ञात करो।

$15\% = \frac{-3}{20}$

	I	II
क्र० मू०	20×7	100
लाभ/हानि	−3×7	+19
वि० मू०	17×7	119

(अंतर: 2)

हानि = 2 यूनिट —— 90 रु०
1 यूनिट —— 45 रु०

दूसरी का क्र० मू० = 100×45 = 4500 रु०

69. एक आदमी पहली वस्तु को 20% हानि व दूसरी वस्तु को 60% लाभ पर बेचता है। उनके वि० मू० ज्ञात करो अगर उनके क्र० मू० का अन्तर 3200 रु० हो और दोनों का वि० मू० समान है।

	I	II
क्र०मू०	5×2	5
लाभ/हानि	−1×2	+3
वि०मू०	4×2	8

(क्र०मू० अन्तर = 5)

क्र०मू० अन्तर = 5 यूनिट → 3200

1 यूनिट → 640

वि० मू० = 8×640

= 5120 रु०



---

